हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार 19 मार्च 2025

तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 21.0 डिग्री

10 कलेक्टर ने की नियद नेल्लार योजना की समीक्षा



12 आदिवासी संस्कृति हमारी वास्तविक पहचान,...





## खबर संक्षेप

### हाईवा ट्रक चालक के खिलाफ जुर्म कायम

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत बारदेवरी मेन रोड में 19 फरवरी को शाम करीबन सवा 4 बजें आरोपी ट्रक वाहन क्रमांक सीजी 04 एलजे 2744 के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीए 3369 में सवार वेंकटेश्वर राव को टक्कर मार दिया, जिससे उसे गंभीर चोट आने के कारण मौत हो गया। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### बाइक से गिरी महिला, हुई मौत

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत मेन रोड पिण्डकसा के पास 16 मार्च को पौने 6 बजें मृतिका दुर्गूकोंदल निवासी 32 वर्षीय उषा बती मोटर सायकल से गिर गई। सिर में चोट लगने के कारण ईलाज के लिए सीएचसी बांदे लेकर गए। ईलाज के दौरान उसका मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### नशे में महिला ने खा लिया जहर, हुई मौत

**कांकेर।** दुधावा चौकी अंतर्गत सीएचसी बासनवाही में ईलाज के दौरापन साईमुण्डा निवासी 32 वर्षीय पार्वती नेताम की मौत हो गई। साईमुण्डा निवासी 33 वर्षीय आदेश्वर नेताम ने पुलिस को बताया कि मृतिका शराब के नशे में कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। ईलाज के लिए अस्पताल ले जाने पर वहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

## निर्वाचन : चारामा में भाजपा, भानुप्रतापपुर और दुर्गूकोंदल पर कांग्रेस का कब्जा

# चारामा में अध्यक्ष चुनाव में दो कांग्रेस समर्थित जनपद सदस्यों ने की क्रॉस वोटिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले के तीन जनपद पंचायत चारामा, भानुप्रातपपुर और दुर्गूकोंदल में कांग्रेस का पलड़ा शुरू से भारी था, ऐसा स्पष्ट था कि तीनो जगह अध्यक्ष पर कांग्रेस काबिज होगी, परंतु चारामा में भाजपा ने सेंध मारते हुए भाजपा का अध्यक्ष बनाने में कामयाब रहे, वहीं तीनों जनपद पंचायत में उपाध्यक्ष पर कांग्रेस काबिज हुई। जानकारी के अनुसार तीनों जनपद पंचायत में 04 मार्च को चुनाव होना था, परंतु कई कारणों के चलते चुनाव स्थगित हो गया था। इसके उपरांत 10 मार्च को चुनाव तय हुआ, परंतु फिर से चुनाव ▶▶| शेष पेज 10 पर

- भानुप्रतापपुर में कांग्रेस समर्थित जनपद सदस्य ने भाजपा के पक्ष में किया मतदान
- दुर्गूकोंदल में उपाध्यक्ष चुनाव में भाजपा के एक जनपद सदस्य ने की क्रॉस वोटिंग

### चारामा में जपं अध्यक्ष बनाने में भाजपा कामयाब

*जनपद पंचायत चारामा मे अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव की प्रकिया सुबह 11 बजे प्रारंभ हो गई। 17 जनपद सदस्यों वाली जनपद पंचायत चारामा में 10 जनपद सदस्य कांग्रेस समर्थित और 7 भाजपा समर्थित जनपद सदस्य जीतकर आएं थे। मतदान निर्धारित जारी कार्यक्रम के अनुसार हुआ। भाजपा से जागेश्वरी भास्कर और कांग्रेस से रमशीला मंडावी ने नामांकन दाखिल किया। नामांकन फार्म की स्कूटनी के उपरांत निर्धारित समय पर मतदान शुरू हुआ। भाजपा समर्थित प्रत्याशी जागेश्वरी भास्कर को 09 और कांग्रेस समर्थित रमशीला मंडावी को 08 मत मिले। कांग्रेस के दो जनपद सदस्यों के क्रास वोटिंग के चलते भाजपा को लाभ मिल गया। कांग्रेस के एक जनपद सदस्य के क्रास होने के प्रमाण कांग्रेस को रात में मिल गए थे, परंतु दूसरा कौन जनपद सदस्य है, जिसने क्रास वोटिंग किया, उसका कांग्रेसी पता लगाने में जुट गए है। उपाध्यक्ष पद के लिए भाजपा से अमिता बंजारे और कांग्रेस से ठाकुर राम कश्यप ने नामांकन दाखिल किया। मतगणना के उपरांत ठाकुर राम कश्यप को 09 और भाजपा की अमिता बंजारे को 08 मत मिले। उपाध्यक्ष पद के लिए भी कांग्रेस का एक वोट क्रास हुआ। कांग्रेस क्रास वोटिंग करने वालों पर किस तरह की कार्यवाही करती है, यह आने वाला समय ही बताएगा।*



### भानुप्रतापपुर जपं पर कांग्रेस का कब्जा

भानुप्रतापपुर जनपद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुनाव 2 बार स्थगित होने के बाद आखिरकार 18 मार्च को चुनाव हुआ, जिसमे कांग्रेस समर्थित 9 जनपद सदस्य और बीजेपी समर्थित 5 जनपद सदस्य ने अपना मत डाला। जनपद अध्यक्ष भानुप्रतापपुर के लिए जनपद के पूर्व उपाध्यक्ष रहे सुनाराम तेता और भाजपा से विष्णु कचलाम ने नामांकन दाखिल किया था। सुनाराम तेता को 8 मत और विष्णु काचलाम को 6 मत मिले और कांग्रेस के सूनाराम तेता अध्यक्ष बनने में कामयाब हुए। एक ▶▶| शेष पेज 10 पर



### दुर्गूकोंदल जपं पर भी कांग्रेस काबिज

जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल में कांग्रेस जनपद सदस्यों का दबदबा होने से 18 मार्च को हुए चुनाव में कांग्रेस अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष बनाने में कामयाब रही। 11 जनपद सदस्यों वाली जनपद पंचायत दुर्गकोंदल में अध्यक्ष के लिए कांग्रेस समर्थित गोपी बढ़ाई और भाजपा से पीलम नरेटी ने नामांकन दाखिल किया, जिसमें कांग्रेस समर्थित गोपी को 08 और भाजपा समर्थित पीलम नरेटी को 03 मत मिले। उपाध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस से आनंद तेता और भाजपा से विकास राजू नायक ने नामांकन ▶▶| शेष पेज 10 पर

# बिजली कटौती के विरोध में किसान एवं कांग्रेसी नेता उतरे सड़क पर, नारेबाजी भी की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नरहरपुर में लगातार बिजली कटौती से परेशान किसानों का सब्र टूट गया और रैली निकालते हुए नारेबाजी करते हुए तहसीलदार एवं कनिष्ठ यंत्री को ज्ञापन सौंपा। किसानों का कहना है कि भाजपा के कार्यकाल में बिजली हाफ एवं बिजली गुल रहने की समस्या से जूझ रहे है।

- किसानों ने तहसीलदार एवं कनिष्ठ यंत्री को सौंपा ज्ञापन

### बिजली गुल से ग्रामीण परेशान

*नरहरपुर ईलाके के कई गांव के किसान और कांग्रेस के जनप्रतिनिधि 18 मार्च मंगलवार को नरहरपुर में एकत्र हुए और उसके उपरांत रैली के शक्ल में तहसील कार्यालय पहुंचे, तहसीलदार को ज्ञापन देने के उपरांत किसानों का काफिले ने विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता को ज्ञापन सौंपा। किसानों का कहना है कि नरहरपुर क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सभी गाँव इस समय बिजली हाफ एवं बिजली गुल रहने की समस्या से जूझ रहे है, जिससे लोगो की समस्या बढ़ गई है।*

### ज्ञापन के साथ उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

एक दिन में कम से कम 15 से 20 बार लाईट बंद हो रही है, इसके चलते स्कूली छात्रों की पढ़ाई एवं किसानो की फसल में भारी नुकसान हो रहा है। किसानों एवं जनप्रतिनिधियों का कहना था कि लगातार लाईट गोल होने से नरहरपुर क्षेत्र के व्यापारी वर्ग भी परेशान हो गए है। व्यापारियों का पूरा व्यापार ठप्प हो गया है। ज्ञापन सौंपने वाले किसानों एवं जनप्रतिनिधियों का कहना था कि प्रशासन एवं बिजली विभाग बिजली की समस्या अगर एक हप्ते के भीतर सुधार नहीं करता है, तो नरहरपुर में उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसके जिम्मेदार विभागीय अधिकारी होंगे। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली की लगातार कटौती से हर कार्य प्रभावित हो रहा है। खेती का कार्य भी पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है। बिजली विभाग के अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण करते नहीं है और समस्याओं से रूबरू भी नहीं होते है। ज्ञापन देने वालो में जिला पंचायत सदस्य सावित्री संजना वट्टी, प्यारी सलाम अध्यक्ष नगर पंचायत नरहरपुर, दिनेश पटेल उपाध्यक्ष नगर पंचायत नरहरपुर, टकेश सिन्हा, शिल्पा साहू, संतराम मरकाम, मृत्युंजय साहू, डीकेश मरकाम एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।






## खबर संक्षेप

### सम्मान समारोह में स्वच्छता की ली शपथ



**जगदलपुर।** देवांगन समाज ने महापौर संजय पाण्डे व अन्य जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह आयोजित किया। स्वागत गीत के माध्यम से समाज की महिलाओं ने अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद गणेश वंदना में समाज की बालिका ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। इस दौरान सभी को स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम में निगम के स्पीकर खेमसिंह देवांगन, पार्षद लक्ष्मण झा, प्रदीप देवांगन, हरीश चंद्र देवांगन,राजेंद्र देवांगन, धर्मेंद्र देवांगन, जितेंद्र देवांगन, राम देवांगन, कुबेर देवांगन, दयावती देवांगन, मनोज ठाकुर सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

### अधिवक्ता संघ ने मनाया होली मिलन



**जगदलपुर।** जिला अधिवक्ता संघ की उपाध्यक्ष द्वारा महिला रुम में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां पर अधिवक्ता संघ के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ता श्रीमती अपूर्ण यादव, सरिता सतपति, हेमलता, सुकांती पाटले, दिशा, निशा शुक्ला बड़ी संख्या में सीनियर जूनियर सहित न्यायालीन कर्मचारी मधुरा, संध्या श्रीवास्तव, अनिता बघेल, विधि प्राधिकरण के महिला कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं
एक दूसरे को फूलों की होली के साथ एक दूसरे को मीठा खिलाया। संघ की उपाध्यक्ष श्रीमती हेलिना मोजेस गिरिधरन ने कहा कुछ दिन पूर्व अधिवक्ताओं ने महिला दिवस मनाया घर और न्यायालीन कामों से पूरे टाइम महिलाएं उलझी रहती है, ऐसे कार्यक्रमों से महिला कुछ पल अपने लिए निकाल कर खुश हो जाती हैं।

**बैठक : कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**

# कलेक्टर ने की नियद नेल्लार योजना की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर



साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर नियद नेल्लानार योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने सभी लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने जिले में ब्लॉक एवं जिला स्तर पर आयोजित होने वाले बस्तर पंडुम उत्सव की जानकारी लेते हुए सफल आयोजन के लिए जिला पंचायत के सीईओ को निर्देशित किया।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने नियद नेल्लानार योजना के तहत चयनित ग्रामों में अब तक हुए विकास कार्यों की जानकारी ली और साथ ही जिला निर्माण समिति एवं जिला खनिज न्यास निधि के अधीन स्वीकृत सड़क एवं पुल-पुलिया निर्माण के लंबित कार्यों को अविलंब शुरू कराने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए जिले में स्वीकृत कार्यों अप्रारंभ कार्यों को जल्द शुरू कराने के निर्देश जिला पंचायत के सीईओ को दिए। बैठक में कलेक्टर ने आयुष्मान भारत योजना के उपलब्धि को शत-प्रतिशत कराने पर जोर दिया। इसके अलावा आयुष्मान वय वंदना योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र के वयोवृद्धजनों को योजना से जोड़ने, उन्हें स्वास्थ्य लाभ दिलाने के लिए योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। इसके अलावा विभिन्न लंबित प्रकरणों की समीक्षा कलेक्टर ने अनुभागवार एवं विभागवार की। बैठक में इसके अलावा विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर डीएफओ डीपी साहू सहित जिला स्तर के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने चंद घंटों में किया गिरफ्तार, गया जेल



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज होने के 24 घंटे के अंदर त्वरित कार्रवाई करते हुए कांकेर पुलिस को आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली। आरोपी को न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

पीड़िता ने थाना में शिकायत किया था कि बकरी चराने वाला आरोपी महेन्द्र मरकाम उसकी बेटी को नाबालिग व अबोध जानते हुए पीड़ति को अकेले में पाकर घर में जबरदस्ती बुलाकर दुष्कर्म किया। आरोपी ने पीड़ति को किसी को भी बताने पर जान से मारने की धमकी दी। डर के कारण पीड़िता ने किसी को नहीं बताया और जिससे वह लगातार दुष्कर्म करता रहा। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी आतुरगांव निवासी महेन्द्र मरकाम पिता लखमु मरकाम के खिलाफ अपराध क्रमांक 87/25 धारा-64 (1), 65 (1), 64 (2) (एम) बीएनएस, 4, 6 पाक्सो एक्ट पंजीबद्व कर विवेचना में लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलेसिला के निर्देशन, एएसपी दिनेश कुमार सिन्हा एवं एसडीओपी मोहसीन खान के मार्गदर्शन में थाना कांकेर से विशेष टीम गठित कर आरोपी महेद्र को उसके घर आतुरगांव से फरार होने से पहले घेराबंदी कर धर दबोचा। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया और न्यायिक रिमांड में जेल भेज गया।

**इनका रहा योगदान-** कार्रवाई में कांकेर थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष नागर, सहायक उप निरीक्षक भुनेश्वरी भगत, प्रधान आरक्षक फकीर सिन्हा, आरक्षक राकेश लकड़ा, श्रवण ठाकुर, महिला आरक्षक गणेशवरी, सविता नाग एवं थाना के अन्य स्टॉफ का योगदान रहा।

# मामूली बात पर युवक के साथ मारपीट, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर



माटवाड़ा मोदी के युवक के साथ आरोपियों ने मामूली बातो को लेकर हाथ-मुक्का से मारपीट किया। मारपीट का शिकार हुए युवक ने थाना में आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया, जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (3) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबंद्ध कर विवेचना में लिया है।

### पीड़ित ने बताई आपबीती

कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे माटवाड़ा मोदी निवासी 29 वर्षीय संदीप कुमार महिलांग पिता स्व. भानुप्रताप ने पुलिस को बताया कि मैं हार्डवेयर का काम करता हूं और 17 मार्च की रात करीबन 8 बजें अपने घर के बाहर गली तरफ टहल रहा था। उसी समय शशांक एवं उसके अन्य साथियों ने मुझे आवाज देकर अपने पास बुलाए और कहने लगे कि आजकल तू ज्यादा होशियार बनता है, तुझे जान से मार डालेंगे कहते हुए मेरे साथ शशांक, बबलू कुमार एवं निखिल ने हाथ-थप्पड़ और किसी ठोस वस्तु से मारपीट किया। मैं अपने आप को बचाने के लिए जोर-जोर से चिल्लाया, तब मोहल्ले के लोग निकले और बीच बचाव किए। मारपीट से मेरे सिर के पीछे, दाहिना पैर के अंगूठा एवं घुटना में चोट लगी है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल, चालक के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर



दुर्गूकोंदल थानांतर्गत कर्रामाड़ के पास हुई सड़क दुर्घटना में ड्यूटी जा रहा युवक को गंभीर रुप से घायल हो गया। दुर्गूकोंदल की ओर से आ रही अज्ञात वाहन के चालक ने अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे युवक के पैर की उंगली टूट गई व शरीर के अन्य हिस्सो में गंभीर चोट आई है।

**परिजन ने दर्ज कराई शिकायत**

थाना में शिकायत करने पहुंचे बालोद जिला के पिनकापार थानांतर्गत ग्राम गिधवा निवासी 42 वर्षीय नागेश्वर राम साहू पिता दीनू राम साहू ने पुलिस को बताया कि 17 मार्च को सुबह करीबन 7 बजें मेरा छोटा भाई दुर्गेश कुमार साहू फोन करके बताया की सुबह तैयार होकर डियूटी जाने के लिए निकला था। रास्ते में कर्रामाड़ ढॉबा के पास पहुंचा था कि दुर्गूकोंदल की ओर आ रही अज्ञात वाहन चालक द्वारा वाहन को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाकर पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से मेरे दोनो पैर घुटने तथा बांए पैर के उंगलि टूट गया व सिर, मुंह, पीठ, दाहिना उंगलि में चोंट लगा, जिससे खून निकल रहा है। अज्ञात वाहन चालक घटना के बाद फरार हो गया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# सिंगारभाट परीक्षा केन्द्र का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर



छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की बोर्ड परीक्षाओं का संचालन गत 01 मार्च से किया जा रहा है। केन्द्रों में परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन व आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन व निरीक्षण करने कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने शा उ मा विद्यालय सिंगारभाट का आकस्मिक दौरा किया, जहां पर कक्षा 12वीं के परीक्षार्थी रसायन विज्ञान एवं कला संकाय के राजनीति विज्ञान विषय की परीक्षा दे रहे थे।

- कलेक्टर ने किया शाउमा विद्यालय सिंगारभाट का आकस्मिक दौरा

परीक्षा केन्द्र के निरीक्षण के दौरान परीक्षा कक्ष में पर्यवेक्षक एवं शिक्षक ड्यूटी पर उपस्थित मिले और परीक्षा केन्द्र में विद्युत, पेयजल आदि की उपयुक्त व्यवस्था थी। बोर्ड परीक्षा की जिला नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर आस्था बोरकर ने बताया कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 01 से 28 मार्च तक संचालित की जा रही हैं। जिले में इसके लिए कुल 130 परीक्षा केन्द्र स्थापित किए गए हैं, जहां कक्षा 10वीं में कुल 11728 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया है, जिनमें 11 हजार 480 नियमित और 248 स्वाध्यायी परीक्षार्थी सम्मिलित हैं। उन्होंने यह भी बताया कि कक्षा 12वीं में कुल 08 हजार 809 पंजीकृत परीक्षार्थी विषयवार परीक्षा में शामिल हो रहे हैं तथा जिले में नकल का अब तक एक भी प्रकरण नहीं बना है। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल उपस्थित रहे।

# कोयलीबेड़ा विकासखंड मुख्यालय के बस्तर पंडुम में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोयलीबेड़ा



ब्लॉक मुख्यालय कोयलीबेड़ा में बस्तर पंडुम का कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद भोजराज नाग एवं विशिष्ट अतिथि विक्रम देव उसेंडी की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ होना था। दोनों अतिथि के कार्यक्रम में नहीं पहुंचने के कारण नवनिर्वाचित जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों के द्वारा वीर गुंडाधर की छायाचित्र की रा पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

- सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रतिभागी पुरस्कृत

आयोजित कार्यक्रम में नवनिर्चित मंचासीन जनप्रतिनिधियों, पुजारी व मांझी का तिलक वंदन एवं पगड़ी बांध का स्वागत किया गया। इसके पश्चात उद्बोधन में अतिथियों ने बस्तर आदिवासी, संस्कृति, रीति रिवाज, खानपान व प्रकृति को लेकर विचार रखा। कार्यक्रम को जनपद पंचायत के अध्यक्ष श्याम बत्ती मांडवी, जिला पंचायत सदस्य कामिनी हुसेंडी, कोयलीबेडा के सरपंच जागेश्वर पुजारी आदि ने सभा को संबोधित किया। इसके पश्चात आदिवासी पारंपरिक कार्यक्रम की प्रस्तुति प्रारंभ की गई, जिसमें लोकगीत व धनकुल गीत का प्रथम प्रस्तुति शुभारंभ किया गया, जिसमे ग्रामीण क्षेत्र से भी कार्यक्रम प्रस्तुति देने कार्यक्रम में पहुंचे थे। लोकगीत सांस्कृतिक कार्यक्रम में अच्छी प्रस्तुति देने वाले सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार भी दिया गया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष मंजू सरदार, विनोद उसेडी, हरिश्चंद्र देहारी, सविता ध्रुव, सरोज उसेडी, नलिता पुडो सहित क्षेत्र के नवनिर्वाचित सरपंच, पंच, जनप्रतिनिधि व ग्रामीण, एसडीम, तहसीलदार, पखांजूर जनपद पंचायत के सीईओ सहित सभी कर्मचारी महिला समूह बिहान के सभी दीदी उपस्थित रहे।

# जर्जर सड़क से उड़ती धूल से परेशान ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गूकोंदल



दमकसा से दुर्गूकोंदल मार्ग में भारी गाड़ियों की आवाजाही से सड़क पूरी तरह से कंडम हो चुकी है। सड़क किनारे ग्राम बरहेली, इरागांव, गुलालबोड़ी के ग्रामीण सड़क से उड़ती धूल के ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामवासियों ने बताया की स्टील माइंस की सभी ओवरलोड गाड़ियों का रूट यही है। इसके अलावा दिनों-दिन रेत की गाड़ियां भी इसी रूट से चलती है। इसके चलते पूरी सड़क कंडम हो चुकी है।

- मरम्मत को लेकर सिर्फ मिल रहा आश्वासन

ग्रामवासियों ने कई बार माइंस प्रबंधक को शिकायत किया कि सड़क को बनवा दें या इसमें पानी डलवा दें। इसके अलावा तहसील मुख्यालय जाकर इसकी शिकायत तहसीलदार से भी किया गया, लेकिन सिर्फ अश्वासन मिला कि सड़क को सुधार किया जाएगा। लेकिन अब इस ओर कोई पहल नहीं की गई। कंडम सड़क पर गाड़ियों के चलते ही धूल का गुब्बार उड़ने लगता है। इसके चलते ग्रामीणों को श्वास संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जिला मुख्यालय से ब्लॉक मुख्यालय तक सड़क पर भारी गाड़ियों के चलने से दिनभर धूल का गुब्बार उड़ते रहता है। इसके चलते कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# पानी की समस्या से निपटने 27 नलकूप स्वीकृत : पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



गर्मी में पानी की किल्लत से बचने के लिए नगर निगम ने तैयारी तेज कर दी है। लगभग दो दर्जन से अधिक वार्डों में इस बार बोरिंग किया जाएगा। इसके लिए निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों ने महापौर के निर्देश पर पूरी तैयारी कर ली है। दो-चार दिन में काम शुरू भी हो जाएगा। हर साल गर्मी में पानी की किल्लत होती है, जिसे ध्यान में रखते हुए इस बार निगम ने पहले से तैयारी कर ली है। महापौर संजय पांडे ने कहा है कि नगर निगम क्षेत्र में प्रदेश अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक किरण सिंह देव के अनुशंसा पर जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफटी) मद से 27 बोरिंग स्वीकृत हुआ है। जिसमें शहिद गुंडाधुर वार्ड, अटल बिहारी बाजपेयी वार्ड, सिविल लाइन वार्ड, गुरुगोविंद सिंह वार्ड, अनुकूल देव वार्ड, महेंद्र कर्मा वार्ड, वीरसावरकर वार्ड, सुंदरलाल शर्मा वार्ड, दंतेश्वरी वार्ड, प्रवीर वार्ड, शांति नगर वार्ड, चंद्रशेखर आजाद वार्ड, राजेंद्र नगर वार्ड, रमैया वार्ड, गंगा नगर वार्ड, अब्दुल कलाम वार्ड, छत्रपति शिवाजी वार्ड, श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड, विजय वार्ड, सिविल लाइन वार्ड व बलीराम कश्यप वार्ड शामिल है। जिसका कार्यादेश जारी किया जा चुका है । इन जगहों पर बोरिंग होने से एवं पानी उपलब्ध होने पर हजारों परिवारों को इसका सीधा फायदा मिलेगा। गर्मी में इस बार हालात न बिगड़े इसलिए इसके लिए निगम तैयारी कर ली है। जल स्तर लगातार गिरने से शहर के जनप्रतिनिधि भी चिंतित हैं।इसलिए बोरिंग खोदने के साथ ही टैंकरों का मरम्मत कार्य भी किया जा रहा है। महापौर संजय पाण्डे ने जगदलपुर के विधायक किरण सिंह देव का धन्यवाद ज्ञापित किया है ,जिन्होंने डीएमएफटी फंड से 27 बोरिंग स्वीकृत कराया है। उन्होने सांसद महेश कश्यप के प्रति भी कृतज्ञता जाहिर की है। उन्होंने कहा क्षेत्रीय विधायक एवं सांसद जनता के प्रति एवं क्षेत्रीय विकास के लिए संवेदनशील है। इस बार गर्मी में पेयजल संकट से निपटने निगम ने गंभीर प्रयास शुरू किए हैं। पानी की किल्लत न हो इसके लिए नलकूप खनन कार्य जल्द प्रारंभ किया जाएगा। जिससे शहर के वार्डो के लोगों को समय पर पर्याप्त पानी मिले। संजय पाण्डे ने बस्तर कलेक्टर हरिस एस का भी धन्यवाद ज्ञापित किया है जिन्होंने जिला खनिज संस्थान न्यास से नगर निगम को 27 बोरिंग का स्वीकृत प्रदान किया है।

# दो बाइक में भिड़ंत होने से एक की मौत, दो हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर



गोण्डाहूर थानांतर्गत पीव्ही 51 और पीव्ही 53 के बीच सड़क हादसे में दो लोगों को चोट आई। घायलो को ईलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। गंभीर चोट आने की वजह से एक की मौत होने की पुष्टि चिकित्सकों ने की। मृतक के पिता ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गोण्डाहूर थाना में शिकायत करने पहुंचे मानपुर जिला के अंबागढ़ चौकी अंतर्गत सीतागांव निवासी 61 वर्षीय जगनुराम तुलावी पिता स्व. सबसिंग ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता है।उनका बेटा दानचू तुलावी 16 मार्च को मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 एफजे 6485 में सवार होकर अपने दोस्त संजय मंडावी के साथ निजी काम से पखांजुर गया था। वापिस घर सीतागांव आते समय शाम करीबन साढ़े 6 बजे पीव्ही 51 से 53 के बीच मेन रोड में सामने से आ रही मोटर सायकल क्रमांक सीजी 08 एयू 2032 के चालक राहुल लकड़ा ने तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए दानचू तुलावी की बाइक को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे दानचू तुलावी जमीन पर गिर गया। गिरने से उसके सिर व शरीर के अन्य हिस्से मे चोटें आईं। मोटर सायकल के पीछे बैठे संजय मण्डावी को भी चोटें आईं। घायलों को सीएचसी पंखाजुर लेकर गए। अस्पताल में उपस्थित चिकित्सकों ने दानचू तुलावी के मौत होने की पुष्टि किया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106 (1), 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## पेज 9 के शेष

### भाजपा ने चारामा...

बढ़ाकर 18 मार्च घोषित किया गया। भानुप्रतापपुर जनपद पंचायत में समीकरण भाजपा के पक्ष में होने वाला था, परंतु विधायक सावित्री मंडावी सभी सदस्यों को लेकर चुनाव के समय 11 बजे भानुप्रतापपुर पहुँची। उसके बाद मतदान की प्रकिया प्रारंभ हुई। भाजपा ने जो समीकरण तैयार किया था, उसमें भाजपा फेल हो गई, अंततः विधायक सावित्री मंडावी की रणनीति काम आई और अध्यक्ष व उपाध्यक्ष बनाने में कामयाब हो गई। चारामा में जनपद पंचायत में कांग्रेसियों का जमावड़ा ज्यादा था, जबकि भाजपा के जमावड़े में कम लोग थे, परंतु परिणाम जब आया, तब सभी भौचक रह गए और किसी के समझ में नहीं आया कि परिणाम कैसे भाजपा के पक्ष में चला गया। दुर्गूकोंदल में एकतरफा कांग्रेस के पक्ष में माहौल होने के चलते भाजपा ने यहां पर किसी तरह की रणनीति भी नहीं बनाया था, अंततः कांग्रेस काबिज हो गई।

### भानुप्रतापपुर जपं...

कांग्रेस समर्थित सदस्य ने क्रास वोट किया, वैसे सभी कांग्रेस समर्पित सदस्य जीतने के बाद से ही भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी के विशेष निगरानी में थे। उपाध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस समर्थित निर्मला कावड़े और भाजपा ने गिरजा देवी साहू को उम्मीदवार बनाया। कांग्रेस समर्थित निर्मला कावड़े को 9 मत और भाजपा की गिरजा देवी को 5 मत मिले। जनपद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष बनाने के लिए भानुप्रतापपुर विधायक की महत्वपूर्ण भूमिका रही, उनकी ही रणनीति से और सजग रहने के कारण भाजपा सेंधमारी करने में कामयाब नही हो पाई ।

### दुर्गूकोंदल जपं पर...

भरा। आनंद तेता को 9 और विकास राजू नायक को 2 मत मिले। भजपा के एक जनपद सदस्य ने क्रास वोटिंग कर दिया। कांग्रेस ने जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल अध्यक्ष व उपाध्यक्ष कब्जा जमाया और भाजपा की कोशिश नाकाम साबित कर दिया।

**खबर संक्षेप**

### माध्यमिक शाला के लिए 64 परीक्षा केंद्र



**जगदलपुर।** विकासखंड तोकापाल में कक्षा आठवीं की बोर्ड परीक्षा 18 मार्च से माध्यमिक शाला के लिए 64 परीक्षा केंद्र है। सभी केंद्र में अन्य स्कूलों के संस्था प्रमुख को केंद्र अध्यक्ष बनाया गया है, जिससे परीक्षा निष्पक्ष और शांतिपूर्ण माहौल में संपादित हो सके। इसकी सतत निगरानी विकास खंड स्तरीय उड़नदस्ता दल एवं संकुल स्तरीय उड़नदस्ता दल द्वारा किया जा रहा है। खंड शिक्षा अधिकारी पूनम सलाम एवं खंड स्रोत समन्वयक अजय शर्मा द्वारा सतत बोर्ड परीक्षाओं का निरीक्षण किया जा रहा है।

### अस्मिता जूडो लीग स्पर्धा 30 को

जगदलपुर। स्पोर्ट्स एण्ड युथ वेल्फेर डिपार्टमेंट द्वारा आयोजित अस्मिता जिला स्तरीय वोमेस जुडो लीग प्रतियोगिता का आयोजन ऑल बस्तर जिला जूडो संघ के तत्वाधान में 30 मार्च को स्थानीय प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम में आयोजित की जा रही है।

## बस्तर पंडुम में सुदूर एवं दूरस्थ क्षेत्रों के प्रतिभागियों ने लिया बढ़ चढ़कर हिस्सा

# ताड़ी, छिंदरस, सल्फी, हंडिया पेज रहा आकर्षण का केन्द्र





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

छत्तीसगढ़ शासन एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुसार जनजातीय बाहुल्य बस्तर संभाग के स्थानीय कला एवं संस्कृति, परंपरा, लोककला, शिल्प, तीज-त्यौहार, खान-पान, बोली-भाषा, रीति-रिवाज, वेशभूषा, आभूषण, वाद्य यंत्र, पारंपरिक नृत्य, गीत-संगीत, नाट्य व्यंजन पेय पदार्थो के मूल्य रूप संरक्षण, संवर्धन एवं कला समूहों के सतत विकास तथा जनजातीय कलाकारों को प्रोत्साहित एवं सम्मानित करने के उद्देश्य से बस्तर पंडुम का भव्य आयोजन कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले के चारों जनपदों में हुआ जिसमें भोपालपटनम एवं भैरमगढ़ में ब्लॉक स्तरीय आयोजन का सफलतापूर्वक संपन्न होने के पश्चात जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए प्रतियोगियों का अंतिम रूप से चयन किया गया। वहीं बीजापुर एवं उसूर ब्लॉक के ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता का समापन 19 मार्च को होगा।

जिले के बैगा, गुनिया, सिरहा, पुजारी एवं जनजातीय समाज के प्रमुखों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जनजातीय समाज के मौलिक परंपरा को संरक्षित एवं संर्वधित करने की परिकल्पना का स्वागत करते हुए कहा कि बस्तर पंडुम में आदिवासी समाज एवं जनजातियों के जीवन पद्धति संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला जिससे जनजातीय समाज शासन के इस सराहनीय पहल से उत्साहित नजर आ रहे हैं- बस्तर पंडुम के व्यापक प्रचार-प्रसार के कारण नियद नेल्लानार एवं अत्यंत सुदूर क्षेत्रों के जनजातीय समुदाय ने अपने रीति-रिवाज एवं पारंपरिक गतिविधियों का मनमोहक प्रदर्शन करने के लिए प्रतियोगिता में शामिल होने पंहुचे पामेड़ मुरदंडा जैसे क्षेत्रों के दलों द्वारा भी सहभागिता दी जा रही है।

प्रतियोगिता स्थल पर जनजातीय पेय पदार्थ एवं व्यंजन का स्टॉल आकर्षण का केन्द्र रहा जहां सल्फी, ताड़ी, छिंदरस, हंडिया पेज, कोसमा मांड, चापड़ा चटनी जैसे विभिन्न प्रकार के व्यंजन एवं पेय पदार्थो ने लोगों का मन मोह लिया। वहीं आकर्षण एवं मौलिक वेशभूषा में विभिन्न जनजातीय नृत्य का सुंदर प्रस्तुतिकरण देखने को मिला। चारों ब्लॉक में जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों में उत्साहपूर्वक इस आयोजन में शामिल होकर बस्तर पंडुम को और भी खूबसुरत बना दिया।

## बस्तर पण्डुम में आदिवासी संस्कृति और त्योहारों का मजाक न बनाया जाए, सौंपा ज्ञापन



जिले में जारी बस्तर पण्डुम निश्चित ही आदिवासी परंपरा और संस्कृति को सम्मान देता नजर आ रहा है किंतु इसके आयोजन में गैर जानकर निर्णायक बनाए जाने से जनजातीय गौरव और आदिवासी परंपरा संस्कृति का मजाक बनाया जा रहा है।

सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जग्गूराम तेलामी ने कहा कि बीजापुर जिले के भैरमगढ़ ब्लाक में 17 मार्च से पण्डूम आयोजित है पर प्रतिभागियों को दिन का भोजन और पेयजल भी नहीं मिला। इसी प्रकार बीजापुर ब्लाक के लिए विभिन्न विधाओं के लिए बनाए गए निर्णायक पुजारी, मुखिया, मांझी एक समुदाय से हैं जिन्हें विभिन्न समुदाय मुरिया, दोरला, हल्बा, परधान, तेलंगा, सुंडी, महारा सहित अन्य समुदाय के विविध नृत्य, गीतों, वाद्य यंत्रों, पेय पदार्थों की बारीकियों का ज्ञान संदेहास्पद है। बस्तर संभाग में पण्डुम यहां निवासरत सभी जाति समुदाय के आपसी समन्वय और भागीदारी से संपन्न होता है। बस्तर पण्डुम के आयोजन के दौरान प्रतिभागियों के लिए भोजन पेयजल व्यवस्था सहित निर्णायक समिति में मुरिया, दोरला, हल्बा परधान, सुंडी, महारा सहित अन्य समुदाय की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाए।बस्तर पण्डुम की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने और सभी समुदाय की भागीदारी बढ़ाने की मांग को लेकर मंगलवार को सर्व आदिवासी समाज प्रमुखों द्वारा आदिवासी विकास परियोजना प्रशासक के नाम उपायुक्त आनंद जी सिंह को ज्ञापन सौंपा गया।

इस दौरान सर्व आदिवासी समाज के सचिव कमलेश पैंकरा, बलराम हपका, राजेश लेकम, बुधराम लेकम, लच्छू उरसा, सोमलु कुरसम, सरिता अवलम, लखमू आरकी, सुरेश कोरसा बलिराम माड़वी सहित अन्य प्रतिनिधि मौजूद थे।

## गुलमी वाटरफाल में 2 युवकों की जलसमाधि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

छग की सीमा से लगे गुलमी वाटरफाल में पिकनिक मनाने जगदलपुर के दर्जन भर युवा गए हुए थे। इसी दौरान वाटरफाल में नहाने के दौरान दो युवक की पानी में डूबने से मौत हो गई। एक युवक का शव रविवार को मिला जबकि दूसरे युवक का शव सोमवार दोपहर में कड़ी मशक्कत के बाद बरामद किया गया।

जानकारी के मुताबिक ओडिशा सीमा से लगे गुलमी वाटरफाल में शहर के कुम्हारपारा क्षेत्र के रहने वाले 13 युवक युवती गुलमी वाटरफॉल में पिकनिक मनाने शनिवार की दोपहर गए हुए थे। इसी दौरान 2 युवक नदी में डूब गए इनमें एक युवक का शव रविवार को तो वही दूसरे युवक का शव सोमवार को बरामद कर लिया गया है।

बताया जा रहा है कि जगदलपुर में रहने वाले कैटरिंग स्टाफ पिकनिक मनाने के लिए गुलमी वाटरफॉल गया हुआ था। जहां नहाने के दौरान दो लोग पानी में डूब गए। घटना की जानकारी

- **जगदलपुर से पिकनिक मनाने गए थे दर्जन भर युवक व युवती**

लगते ही पुलिस के साथ ही परिजन को भी सूचना दी गई। दोनों युवकों को बचाने का काफी प्रयास किया गया लेकिन उन्हे नहीं बचाया जा सका। पानी की गहराई का अंदाज नहीं होने से युवक रोहन कश्यप पानी में डूबने लगा जिसे बचाने के लिए गौरव गया लेकिन वह भी पानी में डूबने लगा।

दोनों युवकों को निकालने के लिए ओडिशा एसडीआरएफ की टीम लगातार खोजबीन कर रही थी इसी दौरान रविवार को रोहन कश्यप का शव बरामद कर लिया गया वही दूसरे युवक गौरव की तलाश की जा रही थी जिसका शव सोमवार को कड़ी मशक्कत के बाद बरामद किया जा सका।

कोटपाड़ थाना प्रभारी परमानंद ने बताया कि जगदलपुर शहर के कुम्हारपारा निवासी 13 युवक व युवतियां ऑटो से पिकनिक मनाने के लिए गुलमी आये हुए थे। ये सभी लोग कुम्हारपारा के संजना कैटरिंग के स्टाफ बताए जा रहे है। पिकनिक मनाने के बाद सभी लोग नहाने के लिए पानी में उतर गए, जहां गहरे पानी में एक युवक डूब गया जिसे देख दूसरा भी उसे बचाने के लिए पानी में उतर गया। एक-दूसरे को बचाने के चक्कर में दोनों युवक डूब गए। वहीं साथ गए युवक दोनों को बचाने की काफी कोशिश की। लेकिन सफल नहीं हो पाए। साथ गए लोगों ने मामले की जानकारी परिजनों व कोटपाड़ पुलिस को दी। जिसके बाद दूसरे युवक का शव भी ओडिशा पुलिस व एसडीआरएफ की टीम ने बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

## ग्रामीणों को मिले जरूरत के सामान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

पुलिस महानिरीक्षक केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल छत्तीसगढ़ सेक्टर के निर्देशानुसार 18 मार्च को मोहित कपूर, कमांडेंट एवं पंकज कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी 22वीं वाहिनी, संदीप कुमार, सहायक कमांडेंट की उपस्थिति में बीजापुर के अति संवेदनशील ग्राम मिनकापल्ली, कोमटपल्ली, भट्टीगुड्डा पंचायत मिनकापल्ली एवं उसकालेद के ग्रामीणों के लिए सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम के विभिन्न स्कूलों के बच्चों को स्कूल ड्रेस, बैग़ तथा खेल एवं मनोरंजन का सामान वितरित किया गया। इसके अलावा जरूरतमंद ग्रामीण वासियों को जरूरत का सामान जैसे साड़ी, चप्पल, लूंगी, गमछा, कंबल, घरेलू बर्तन, कुदाल, गैती, पानी की टंकी, टेलीविजन, साइकिल, सोलर लैंप आदि भी वितरित किया गया और साथ में ग्राम वासियों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई।

सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत मेडिकल कैंप का भी आयोजन किया गया। जिसमें डॉक्टर अशोक नारायण मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा ग्रामीणों का चिकित्सीय परीक्षण कर दवाएं वितरित की गई। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्य, सरपंच एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे। स्थानीय ग्रामीणों ने डी / 22वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के द्वारा आयोजित सिविक एक्शन प्रोग्राम की प्रशंसा की।

## अब ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों पर लग गया हड़ताल का ग्रहण

### पंचायत सचिवों की हड़ताल का कामकाज पर पड़ेगा असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बकावंड



ग्राम पंचायतों में नए पंच सरपंचों को कामकाज सम्हाले अभी आठ दिन भी नहीं बीते हैं कि गांवों के विकास एवं निर्माण कार्यों पर ग्रहण लगता दिख रहा है। ब्लॉक मुख्यालय बकावंड में सचिवों की हड़ताल शुरू हो गई है। इससे अब पंचायतों के विकास कार्यों पर ग्रहण लगने की आशंका बढ़ गई है।

ज्ञात हो कि हाल में हुए पंचायत चुनाव के बाद सभी पंचायतों में नए सरपंचों सहित पंचों ने पदभार ग्रहण कर लिया है। पदभार ग्रहण करने के बाद पंचायतों में कई महीनों से अटके निर्माण कार्य सहित अन्य योजनाओं के कार्यों पर क्रियान्वयन शुरू होना है पर अब पंचायत सचिवों की अनिश्चिकालीन हड़ताल का इस पर व्यापक असर पड़ेगा और पंचायतों में विकास कार्य सुचारु रूप से तय समय में होने में दिक्कत आएगी। सभी पंचायतों में नये सरपंचों की ताजपोशी होने के बाद पुराने सरपंच सहित पंचायत बॉडी से हिसाब किताब भी पूरा करना बाकी है पर सचिवों के हड़ताल पर चले जाने से सभी कार्य प्रभावित होंगे। जिसकी वजह से आक्रोशित पंचायत सचिवों ने मंगलवार 18 मार्च से शासकीयकरण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरु कर दी है।

गौरतलब है कि भाजपा सरकार की वादाखिलाफी से पूरे प्रदेश के पंचायत सचिव नाराज हैं। और अब उनके हड़ताल पर चले जाने से ग्राम पंचायतों के कामकाज में भी बाधा उत्पन्न होगी। जानकारी अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनाव में दी गई गारंटी प्रदेश सरकार के बजट में पंचायत सचिवों के शासकीय करण की मांग को पूरा नहीं किये जाने को लेकर पंचायत सचिव 18 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं।

आज हड़ताल पर सुंदर चंद्राकर, गोवर्धन सिंह, हेमंत सेठिया, संतोष सेठिया, ओमकार, गंगाधर, राजेश कुमार नाग, उमेश कुमार सेठिया, रमेश ठाकुर, पदम सिंह मौर्य, हेमलता, प्रभुनाथ, लिंगोराम विश्वकर्मा, जयदेव ठाकुर, जलन बघेल, शुक्र कश्यप समेत ब्लॉक के सभी सचिव बैठे थे।

## लेपटॉप, मोबाइल व नगद के साथ आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

मामले कि रिपोर्ट दर्ज कराते हुए प्रार्थी अभिषेक सिंह बताया कि 14 मार्च की रात बस स्टैंड के सामने स्थित किराना दुकान में पीछे के दरवाजा तोड़कर कोई अज्ञात चोर दुकान में रखा लैपटॉप के अलावा मोबाइल व नगद रकम चोरी कर लिया था। आरोपी कि गिरफ्तारी के लिए एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी आकाश श्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। टीम द्वारा आसपास के संदेहियों से पूछताछ करने पर पता लगा कि उसी मोहल्ले का रहने वाला विक्रम सिंग एक लैपटॉप और मोबाइल को बेचना चाह रहा है। सूचना पर आरोपी दुर्गेश दहिया 21 वर्ष निवासी संतोषी वार्ड खत्री गली को गिरफ्तार कर पूछताछ किया गया। पूछताछ में उसने चोरी की बात कबूली आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया लैपटॉप, मोबाइल तथा 6 सौ रूपए नगद बरामद कर जब्त किया गया।

आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई अरूण मरकाम, प्रधान आरक्षक प्रकाश मनहर, नितेश मेश्राम, आरक्षक होरी लाल आर्मो व विजय तुर्की की अहम भूमिका रही।

## पानी की समस्या दूर करने वाटर प्लांट का निरीक्षण करने पहुंचे नपं अध्यक्ष



**गीदम।** ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए नगर पंचायत गीदम की जनता को पानी की समस्या दूर करने नगर पंचायत गीदम लगातार प्रयास कर रहा हैं। इसी कड़ी में सोमवार को नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना, ईई सीएसईबी दंतेवाडा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी गीदम हुलसी प्रधान, एई सीएसईबी गीदम की संयुक्त टीम के द्वारा छिंदनार वॉटर प्लांट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कासोली और छिंदनार वॉटर प्लांट में आ रही तकनीकी समस्या को समझा। कासोली वाटर प्लांट में वोल्टेज की समस्या के बारे में कर्मचारियों ने अवगत कराया, जिसे ईई सीएसईबी के द्वारा वोल्टेज की समस्या का समाधान करने हेतु आश्वस्त किया, साथ ही कर्मचारियों को वोल्टेज के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए, जिससे नगर में बिना रुकावट के पानी पहुंचे। साथ ही छिंदनार वॉटर प्लांट के निरीक्षण के दौरान रॉ मोटर पम्प खराब पाए गए, जिसे तत्काल ठीक करने हेतु एसडीओ पीएचई को निर्देशित किया, उन्होंने भी जल्द से जल्द खराब हुए मोटर को बनवाने हेतु आश्वस्त किया। संयुक्त टीम के निरीक्षण से विभिन्न समस्याओं का एक सार्थक समाधान निकला। सभी अधिकारियों ने कहा कि वे सभी अपनी अपनी तरफ से पानी की समस्या को जल्द से जल्द समाधान करने हेतु प्रयास करेंगे। नगर पंचायत गीदम अध्यक्ष रजनीश सुराना ने कहा कि इस संयुक्त टीम के निरीक्षण से जल्द से जल्द नगर को पानी की समस्या से निजात मिलेगा।

## महिला आयोग सदस्य के आवास पर हुई वृन्दावन के तर्ज पर गुलाब व गेंदा के फूलों की होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा



होली के पावन पर्व पर में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य अधिवक्ता दीपिका शोरी ने अपने आवास पर विशेष होली मिलन समारोह का आयोजन किया। जिसमें कर्मचारियों के साथ जिले भर से उपस्थित सनातनी ने होली का त्योहार मनाया। उपस्थित सभी लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाया और गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं।

महिला आयोग की सदस्य अधिवक्ता दीपिका शोरी ने होली की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली के रंगों के समान आप सभी के जीवन में भी प्रसन्नता और खुशहाली आए। होली रंगों का त्योहार है। यह खुशी और हर्ष के साथ समरसता और एकजुटता को बढ़ावा देने वाला पर्व है।

होली मिलन समारोह में कृष्ण जी की नगरी वृन्दावन के आधार पर फूलों की होली हुई, जिसका उपस्थित सभी लोगों ने जमकर आनंद लिया, गेंदा एवं गुलाब की खुशबू से पूरा परिसर महक उठा था उपस्थित सभी लोगों ने फूलों की होली की जमकर तारीफ की व कहा कि आज तक सुकमा में ऐसी होली मिलन समारोह का आयोजन नहीं हुआ है। कार्यक्रम में श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पीसा, रंजीत बारठ, लीलाधर राठी, योगेंद्र, गौरव राठौर, राजकुमार श्रीवाने, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अरुण सिंह भदौरिया एवं हुंगाराम मरकाम व भाजपा के अन्य कार्यकर्ताओं के साथ ठेकेदार विनोद राठौर व शिक्षक संघ के अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह भदौरिया, नशीब खान एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

### फाग की रही धूम

उत्तर भारत की संस्कृति को जीवंत रखने वाले ग्राम कूकानार के क्षत्रिय समाज के राजेश राठौर, राजकुमार भदौरिया, सन्नू चौहान, भानू भदौरिया, रोशन राठौर, जितेंद्र चौहान, नितेश कुशवाह, युवी भदौरिया, गोबरे भदौरिया ने आयोजन स्थल में पहुंचकर कार्यक्रम में जान ला दी। उत्तरभारत की झलक लोगों को देखने को मिली ब्रिज भाषा, अवधि भाषा में फाग गाकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में महिलाओं की संख्या ज्यादा थी। सुकमा की महिला मंडल की सदस्य नर्मदा, नमिता, अनुपमा नाग, सत्यभामा, कुशुम, मोनिका, कौशल्या एवं अन्य महिलाओं ने फागुन के गीत में थिरक कर फूलों की होली का आनंद लिया।

## सीसीएफ ने गाए गीत...



**जगदलपुर।** वन विभाग ने होली पर्व पर समारोह आयोजित किया, जिससे अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे। इसमें सीसीएफ आरसी दुग्गा ने होली पर गीत गुन-गुनाया, साथ ही सभी अधिकारी, कर्मचारियों ने रंग, गुलाल लगाया। समारोह में डीएफओ उत्तम कुमार गुप्ता, एसडीओ योगेश रात्रे, देवलाल दुग्गा, परिक्षेत्र अधिकारी प्रकाश ठाकुर, देवेंद्र सिंह वर्मा आदि शामिल रहे।

## नगरनार से तीन किमी दूर क्यों नहीं हुआ सीएसआर का काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

विधानसभा में सोमवार को विधायक लखेश्वर बघेल ने

- **विधानसभा में गरजे विधायक लखेश्वर बघेल, पूछा जब स्कूल भवन जर्जर तो व्यायाम और जिम साम्रगी की खरीदी क्यों, आखिर प्राथमिकताएं क्या है**

सीएसआर मद से व्यायाम और जिम सामग्री क्रय करने को लेकर सवाल दागा, बघेल ने कहा कि हमारे यहां छात्रावास, आश्रम, स्कूल भवन जर्जर स्थिति में है, लेकिन वर्ष 2024 में मंत्री जी द्वारा स्कूलों के लिये व्यायाम सामग्री के बारे में जानकारी दी गई है, जब स्कूल का ही ठिकाना नहीं है तो फिर व्यायाम सामग्री के लिये लाखों-करोड़ रूपये व्यय कर रहे हैं? सरकार के द्वारा करोड़ों रूपये का जिम खरीद रहे हैं, क्या हमारी प्राथमिकता जिम खरीदने की है?जवाब में मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि शासी परिषद का कलेक्टर अध्यक्ष होता है और विधायक खुद सदस्य हैं, स्वयं पास करते हैं कि क्या करना है? वह स्वयं बैठक में रहे होंगे, जो निर्णय में प्रस्ताव पारित किये होंगे, उसी सामग्री की खरीदी की गई होगी। यदि



उसमें कोई शंका है तो मुझे अवश्य जानकारी दें, हम जांच करा देंगे।

### बैठक हुई न हुई एसआइटी से जांच करा दें

इस पर विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा कि परिषद की बैठक तो आज तक हुई नहीं है। स्वशासी परिषद की बैठक कब-कब हुआ है, यदि इसकी जानकारी है तो बता दीजिएगा? हम लोगों को बैठक में बुलाया गया है कि नहीं बुलाया गया है, बता दीजिएगा ?इसका भी एसआईटी गठन करके जांच करा दीजिए।

### जगदलपुर और चित्रकोट में ही खर्च हुआ

विधायक बस्तर लखेश्वर बघेल ने सदन में कहा सीएसआर मद का हो, चाहे डीएमएफ मद हो, सिर्फ दो विधान सभा में खर्च हुआ है। मंत्री यह जानकारी देंगे कि सीएसआर मद और डीएमएफ मद में कोई दायरा है कि कितने किलोमीटर के अंदर करना है? एक ही विधान सभा में करना है कि दो विधान सभा में करना है, सीएसआर हो या डीएमएफ मद हो, सिर्फ जगदलपुर विधान सभा और चित्रकूट विधान सभा में खर्च हो रहा है, इसके अलावा किसी अन्य विधान सभा में खर्च करने का प्रावधान है कि नहीं है ?मंत्री लखनलाल देवांगन ने बताया सीएसआर मद की राशि उन क्षेत्रों में भी व्यय की गई है, जहां पर पाइप लाइन एनएमडीसी ग्राम प्रभावित हैं। इन ग्रामों में अधिकतर चित्रकूट और जगदलपुर विधान सभा आते हैं, इस कारण से सीएसआर का काम वहां हुआ है।

### बस्तर विस में क्यों नहीं

विधायक ने कहा नगरनार स्टील प्लॉण्ट मेरे विधानसभा से 3 किलोमीटर की दूरी पर है। उससे लगा हुआ है, उस गांव में एक रूपये खर्च नहीं किया गया। 8-8, 10-10 किलोमीटर में खर्च कर रहे हैं, लेकिन 3 किलोमीटर में खर्च नहीं कर रहे हैं। यह ठीक बात नहीं है ना ? विधानसभाअध्यक्ष ने कहा ठीक बात नहीं है, आगे ध्यान रखा जाये। विधायक के प्रस्ताव को भी मंजूरी दें।

## खबर संक्षेप

### बुजुर्ग ने फांसी लगाकर दी जान

**कांकेर।** ताड़ोकी थानांतर्गत ग्राम ताड़ोकी निवासी 75 वर्षीय लालसिंह पोटाई ने 16 मार्च को शाम साढ़े 7 बजें से 17 मार्च को सुबह साड़े 7 बजें के बीच अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2025 कार्यक्रम 20 को

**कांकेर।** भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर में भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा 20 मार्च को विकसित भारत युवा संसद 2025 का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए पूर्व में जिला कांकेर एवं जिला नारायणपुर के 18 से 25 साल के युवाओं का युवा संसद 2025 में रजिस्ट्रेशन किया गया हैं। रजिस्ट्रशन पूर्व माई भारत पोर्टल में भी पंजीयन करना था एवं इसके बाद युवाओं ने विकसित भारत विषय पर एक मिनट का वीडियो अपलोड कर अपना पंजीयन सुनिश्चित किया। कांकेर एवं नारायणपुर जिला का पंजीयन 295 हुआ, जिसमें स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा 150 बच्चों को चयनित किया गया। ये बच्चे 20 मार्च को महाविद्यालय में एक देश एक चुनाव विकसित भारत की ओर एक कदम विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. आत्राम के द्वारा किया जाएगा और निर्णायक मण्डल द्वारा इस प्रतियोगिता में 10 बच्चों का चयन किया जाएगा जो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगे।

**कार्यक्रम :** बस्तर पंडुम में छलकी प्राचीन आदिवासी संस्कृति की धारा

# आदिवासी संस्कृति हमारी वास्तविक पहचान, अपनी जड़ों को सहेजना बहुत जरूरी : विधायक आशाराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- खमढोड़गी में विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा बस्तर की आदिवासी लोक संस्कृति, परंपराओं, पोशाकों, व्यंजनों व लोक नृत्यों सहित विभिन्न विधाओं से आम जनमानस को अवगत कराने के उद्देश्य से बस्तर पण्डुम नाम से कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में 18 मार्च को कांकेर ब्लॉक के ग्राम खमढोड़गी में विकासखण्ड स्तरीय बस्तर पंडुम में विभिन्न लोक सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर में कांकेर विधायक आशाराम नेताम उपस्थित रहे। विकासखंड कांकेर के ग्राम खमढोड़गी में आयोजित बस्तर पंडुम कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय ने बस्तर की आदिवासी संस्कृति, परंपरा और विरासत को सहेजने तथा उन्हें पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से बस्तर पंडुम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि आदिवासियों की प्राचीन धरोहर जो विलुप्ति के कगार पर है, उन्हें संरक्षित एवं संवर्धित करने के लिए यह प्रदेश सरकार विशेष प्रयास कर रही है। विधायक ने कहा कि आदिवासी संस्कृति ही हमारी वास्तविक पहचान है। अपनी इन्हीं जड़ों को सहेजना बहुत जरूरी है, ताकि बस्तर की भावी पीढ़ी जो धीरे-धीरे अपनी प्राचीन परंपरा और धरोहरों को खोती जा रही है, उसका पुनः जुड़ाव हो सके।

कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने अपने उद्बोधन में कहा कि बस्तर के प्रवेश द्वार कांकेर जिले में आदिवासी संस्कृति की उत्कृष्ट पहचान विद्यमान है। उन्होंने आगे कहा कि यहां की पुरातन रीतियों, धारणाओं और धरोहरों को सहेजने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा बस्तर पंडुम कार्यक्रम का आयोजन पूरे बस्तर संभाग में किया जा रहा है। कलेक्टर ने उपस्थित लोगों से कहा कि आदिवासी संस्कृति की उत्कृष्ट स्थापत्य कला को संजोकर रखना सभी की जिम्मेदारी है।



### देवगांव, कढाईखोदरा व कोयलीबेड़ा में हुआ बस्तर पंडुम

नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम देवगांव, अंतागढ़ के ग्राम कढ़ाईखोदरा तथा कोयलीबेड़ा विकासखण्ड में हाईस्कूल मैदान में ब्लॉक स्तरीय बस्तर पंडुम कार्यक्रम 18 मार्च को आयोजित किया गया, जिसमें काफी संख्या में आदिवासी समाज के प्रतिनिधि व ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। इसी तरह बुधवार 19 मार्च को चारामा के ग्राम भिरौद में तथा 20 मार्च को भानुप्रतापपुर ब्लॉक के ग्राम कराठी में और दुर्गूकोंदल के ग्राम पंचायत खुटगांव के सामुदायिक भवन में विकासखण्ड स्तरीय बस्तर पंडुम का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार आगामी 26 मार्च को जिला स्तरीय बस्तर पंडुम का आयोजन कांकेर के ग्राम सिंगारभाट में किया जाएगा।

### पारंपरिक आभूषणों व व्यंजनों की रही धूम

*बस्तर पंडुम के विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रम में विभिन्न आदिवासी समूहों के द्वारा प्राचीन लोकगीतों पर आधारित प्रस्तुति दी गई, जिसमें धनकुल, डंडा नाच, गोटुलपाटा के अलावा विभिन्न वाद्य यंत्रों का प्रदर्शन शामिल किया गया। इसके अलावा स्टॉलों में जनजातीय वेशभूषा और व्यंजनों का भी प्रदर्शन किया गया, जिसका अवलोकन विधायक सहित कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियां ने किया। इस दौरान समूह की महिलाओं ने बस्तर के पारंपरिक आभूषण हंसली, पहुंची, ऐंठी, चुटकुल, चूड़ा, करधन, कौड़ी माला, कौड़ी गजरा, झलिंग, खोपा खोंचनी, बटकी खिनवा, बनुरिया, पैरकड़ा, मुड़पिन, रूपया माला, पनिया, फुंदरा, तल्लानेर, झोबा, नेर्क, सिहारी बीजमाला, सहित लया-लयोर जैसी पारंपरिक पोशाकों व गोदना का भी प्रदर्शन किया। इसी तरह बस्तरिया व्यंजन के स्टॉल में गुड़चिंवड़ा, पुड़गा, आकीरोटी, सल्फी, जिर्रा शरबत, इमली (हित्ता) चटनी, कोड़ेंग घुघरी, गोर्रा जावा, आमट, जिमीकांदा सहित विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का प्रदर्शन जंगो रायतार महिला समूह अन्नपूर्णापारा एवं सोनई-रूपई गोंडवाना समूह की महिला कला पोया, नमिता वट्टी, शकुंतला के द्वारा किया गया। साथ ही बस्तर की आदिवासी संस्कृति पर आधारित अनेक लोक नृत्य, लोकगीत तथा जनजातीय परंपरागत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्य मत्स्य विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष भरत मटियारा, कांकेर के पूर्व विधायक शिशुपाल शोरी सहित जनपद स्तर के जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।*

# बीएसएफ ने किया नागरिक सहायता कार्यक्रम और निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

- सुरक्षा बलों और जनता के बीच मजबूत संबंध स्थापित है उद्देश्य



सीओबी मंडागांव 178वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल बीएसएफ द्वारा भारत सरकार के निर्देशानुसार संचालित नागरिक सहायता कार्यक्रम के तहत ग्राम घोटिया के प्राथमिक विद्यालय में निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं सहायता सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय ग्रामीणों को आवश्यक सहायता प्रदान कर सुरक्षा बलों और जनता के बीच मजबूत संबंध स्थापित करना था।

कार्यक्रम का उद्घाटन 178वीं बटालियन बीएसएफ कमांडेंट रवि भूषण के द्वारा किया गया एवं कहा कि बीएसएफ न केवल नागरिकों की सुरक्षा करता है, बल्कि भारत सरकार की नीति के अनुरूप स्थानीय समुदायों के विकास और सहयोग को भी बढ़ावा देता है। यह नागरिक सहायता कार्यक्रम हमारी इसी जिम्मेदारी का हिस्सा है, जिससे ग्रामीणों को प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। इस कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीणों को कपड़े, स्टेशनरी, खेल सामग्री, जल भंडारण टैंक एवं कृषि उपकरण वितरित किए गए। इसके तहत मंडागांव, घोटिया, सालेपारा, तोधुर और हुलुंगोंडापारा गांवों के 475 ग्रामीणों को लाभ मिला, जिनमें 170 पुरुष, 210 महिलाएं और 95 बच्चे शामिल रहे। इसके साथ ही सहायक कमांडेंट चिकित्सा अधिकारी डॉ. रवि कुमार के नेतृत्व में एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें 78 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य परामर्श एवं उपचार प्राप्त किया। इसमें 46 पुरुष, 22 महिलाएं और 10 बच्चे शामिल थे। ग्राम घोटिया के सरपंच मांगू राम उसेंडी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि बीएसएफ और भारत सरकार द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम हमारे गाँव के लिए बहुत उपयोगी साबित हुआ है। इससे न केवल चिकित्सा सुविधा मिली, बल्कि लोगों को विभिन्न आवश्यक सामग्री भी प्राप्त हुई, जिससे उनका जीवन आसान हुआ। भारत सरकार के नागरिक सहायता कार्यक्रम के तहत बीएसएफ द्वारा किए जा रहे ये प्रयास न केवल स्थानीय समुदायों के लिए लाभकारी हैं, बल्कि सुरक्षा बलों और जनता के बीच विश्वास और सहयोग को भी सुदृढ़ करते हैं। इस पहल से ग्रामीणों को प्रत्यक्ष लाभ मिला, साथ ही सुरक्षा बलों के प्रति उनकी आस्था और समर्थन और अधिक गहरा हुआ, जिससे भविष्य में बेहतर समन्वय और सौहार्द की संभावना मजबूत हुई है। इस अवसर पर द्वितीय कमान शैलेन्द्र शर्मा, उप कमांडेंट आनंद सिंह, सहायक कमांडेंट चिकित्सा अधिकारी डॉ. रवि कुमार एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# भानुप्रतापपुर के टुपेश को पीएचडी अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के अंतर्गत राजनीति विज्ञान विभाग शोध केन्द्र शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुन्द में शोधार्थी टुपेश कुमार कोसमा द्वारा छत्तीसगढ़ के कांकेर जिला में अनुसूचित जनजाति महिलाओं का राजनीतिक सशक्तिकरण एवं पंचायतीराज व्यवस्था भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के विशेष संदर्भ में विषय पर शोध निर्देशक डा. मालती तिवारी के कुशल मार्गदर्शन पर 8 मार्च को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पूरा किया। जिसकी अधिसूचना विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा 18 मार्च को जारी कर दी गई। ज्ञात को हो कि शोध के विषय विशेषज्ञ के रूप में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर मध्यप्रदेश के प्राध्यापक डा. विवेक मिश्रा उपस्थित रहें। शोधार्थी द्वारा छत्तीसगढ़ कांकेर जिला के भानुप्रतापपुर जनपद पंचायत के 52 ग्राम पंचायतों में से 10 माडल ग्राम पंचायत के रूप में कराठी, सम्बलपुर, बोगर, कन्हारगांव, नारायणपुर, मुल्ला, चैगेल, साल्हे ईरागांव व चिचगांव ग्राम पंचायत का चयन किया गया था। चयनित पंचायतों में अनुसूचित जनजातियों के महिलाओं का राजनीतिक सशक्तिकरण एवं पंचायतीराज व्यवस्था का अध्ययन किया गया। शोध के दौरान किए गए अध्ययन का पीपीटी के माध्यम से पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के अर्थशास्त्र विभाग के अध्ययन शाला में प्रस्तुतीकरण किया गया। शोध विशेषज्ञ डा विवेक मिश्रा द्वारा प्रस्तुतीकरण की सराहना करते हुए आगामी शोध के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। इस विशेष उपलब्धि पर शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य द्वय डॉ. ज्योति पांडे, डॉ अनुसुइया अग्रवाल एवं वर्तमान प्राचार्य करुणा दुबे एवं महाविद्यालय भानुप्रतापपुर की प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह सहित अन्य प्राध्यापकों, सहपाठियो, परिवारिक सदस्यों और शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर अध्ययन शाला अर्थशास्त्र विभाग के प्राध्यापक डा. बीएल सोनेकर, एसोसियट प्राध्यापक डा. सुनील कुमेटी, सहायक प्राध्यापक रितेश कुमार नाग, कंगलू कुम्हार शासकीय महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक गोविन्द मंडावी, स्नेहा रितेश नाग, डा. अनिता अनंत, योगेश्वरी कोसमा, महेन्द्र सिन्हा, संगीता कोमा, आमोश कोसमा सहित अध्ययन शाला के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# वार्षिक देव मेले को लेकर नपं में हुई बैठक, तय की गई रणनीति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

नगर पंचायत भानुप्रतापपुर में समस्त पार्षदों की बैठक भानुप्रतापपुर वार्षिक देव मेला को लेकर हुई और भानुप्रतापपुर के ऐतिहासिक मेला को धूमधाम से मनाए जाने का निर्णय लिया गया। मेला को सफल बनाए जाने के लिए मेला समिति का गठन किया गया। मेले का आयोजन 23 एवं 24 मार्च को होगा।

**बैठक में ये रहे उपस्थित-** आयोजित बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर, उपाध्यक्ष गजानंद डडसेना, रजिन्दर रंधावा, नरेन्द्र कुलदीप, निशा तिवारी, प्रिया सिंह, किर्ती पद्दा, पंकज राज वाधवानी, गुमान सिंह ठाकुर, सुमित्रा साहू एवं राजकुमार यादव पार्षद व राकेश सिरदार उप अभियंता, महेन्द्र मालेकर, महेश ध्रुव, मनोज जैन एवं नगर पंचायत के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मेला समिति का रोल अहम

*मेला समिति में नगर पंचायत उपाध्यक्ष गजानंद डडसेना, पार्षद भगवान सिंह कुजांम एवं पार्षद नरेन्द्र कुलदीप को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस वर्ष मेला रात तक चलाए जाने का निर्णय लिया गया जिसके लिए 10 टावर में चकाचौध रौशनी के लिए लाईट लगाई जाएगी। इसके साथ ही इस वर्ष से पास सिस्टम को पूर्ण रूप से बंद कराए जाने का निर्णय लिया गया। इस वर्ष दुकानों का टैक्स फ्री किया गया है। नगर पंचायत द्वारा पेयजल के लिए पानी एवं विद्युत सुविधा प्रदाय किया जा रहा है। दुकानदारो से विद्युत शुल्क लिया जाएगा। नगर पंचायत भानुप्रतापपुर द्वारा क्षेत्रवासियों से अपील किया गया है कि बाहर से आए दुकानदारों एवं व्यावसियों का सम्मान करे, ताकि नगर पंचायत की छवि धूमिल न हो। मेला में अगर कोई भी उपाद्रव किया जाता है तो पुलिस द्वारा सक्त से सक्त कार्यवाही किया जाएगा।*

# अनुपस्थित बच्चों को परीक्षा में बिठाने शिक्षकों ने किया सराहनीय प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल में कक्षा पांचवी एवं आठवीं के केंद्रीयकृत परीक्षा 17 मार्च प्रारंभ हुआ है, जिसमें विकासखंड के सभी विद्यालयों के पांचवी एवं आठवीं के सभी बच्चे शामिल हो रहे हैं। कुछ केंद्रों में अनुपस्थित बच्चों को शालाओं के शिक्षकों द्वारा घरों से लाकर परीक्षा केंद्र में शामिल कर रहे हैं।

विकासखंड के परीक्षा केंद्र दुर्गुकोंदल के तीन बच्चे माध्यमिक शाला नेलचांग से एक, माध्यमिक शाला पचांगी से एक बच्चा जो कि जंगलों में महुआ एकत्र करने गया था। उन्हें जंगलों से परीक्षा केंद्र तक लाया गया एवं परीक्षा में बिठाया गया। संकुल केंद्र सुरूंगदोह से एक बच्चा जो की ट्रैक्टर में रेत भरने के लिए रेत खदान गया था। उन्हें संकुल प्राचार्य हीरानंद कोठारी एवं संकुल समन्वय राजकुमार चंद्राकर के द्वारा समझाइए देकर परीक्षा में शामिल कराया गया। संकुल समन्वयक ने ट्रैक्टर में काम कर रहे मजदूर एवं ट्रैक्टर ड्राइवर को समझाइए दिया गया की परीक्षा का समय है बच्चों को आप कैसे लाए हैं वे तुरंत बच्चे को परीक्षा केंद्र में भेजे। कक्षा आठवीं परीक्षा के उड़न दस्ता ने माध्यमिक शाला सुरूंगदोह, कोड़ेकुर्सी, माध्यमिक शाला नेलचांग, प्राथमिक शाला दोड़दे कादर एवं माध्यमिक शाला पचांगी का आकस्मिक निरीक्षण किया और सभी बच्चों को परीक्षा की बधाई देते हुए बहुत ही सरल ढंग से परीक्षा दिलाने के लिए निर्देशित किया।

**ये रहे शामिल-** उड़न दस्ता टीम प्रभारी सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी, खंड स्त्रोत समन्वयक लतीफ सोम, मधुलता चंद्राकर, डोमेश्वरी राणा, संकुल समन्वयक शंकर नागवंशी, योगेश्वर मरकाम एवं तुलसी केमरो शामिल रहे।

# बस्तर पण्डुम के सफल आयोजन के लिए जिला सीईओ ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- समाज प्रमुखों के साथ बैठक कर की गई विस्तृत चर्चा



बस्तर पण्डुम के आयोजन को लेकर जिला पंचायत के सीईओ एवं नोडल अधिकारी हरेश मण्डावी ने जिला व जनपद स्तरीय अधिकारीगण एवं आदिवासी समाज प्रमुखों के साथ बैठक लेकर विस्तृत चर्चा किया। मुख्य रूप से 07 विधाएं जैसे जनजातीय नृत्य, जनजातीय गीत, जनजातीय नाट्य, जनजातीय वाद्ययंत्रो का प्रदर्शन, जनजातीय वेशभूषा व आभूषण का प्रदर्शन, जनजातीय कला एवं गोदना का प्रदर्शन तथा जनजातीय पेय पदार्थ एवं व्यंजन का प्रदर्शन पर केन्द्रित होगा। प्रतियोगिता विकासखंड के उपरांत जिला स्तर पर आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रत्येक विधा की 8-8 टीम चयनित होकर अर्थात कुल 56 टीम संभाग स्तर के अंतिम चरण में प्रवेश करेगी। इसके अलावा आगामी 26 मार्च को इसका जिला स्तरीय आयोजन ग्राम सिंगारभाट में किया जाएगा।

# पति ने पत्नी से की मारपीट, जुर्म दर्ज



**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 117 से मारपीट का मामला सामने आया है। आरोपी पति ने पत्नी के साथ रात में मारपीट करने लगा। पीड़िता का बचाव करने के लिए गए परिवार के अन्य लोगों के साथ भी आरोपी ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दिया। थान में शिकायत करने पहुंचे ग्राम पीव्ही 9 सत्यानंदपुर निवासी 54 वर्षीय निखिल विश्वास पिता स्व. धलु विश्वास ने पुलिस को बताया कि उनकी भतीजी सुशीला राय का विवाह पीव्ही 117 निवासी दिपांकर राय के साथ करीब 20 वर्ष पहले हुआ है। दिपांकर राय दूसरी महिला के साथ घर से अलग बाहर रहता है। दिपांकर राय बीच-बीच में पीव्ही 117 आकर मेरी भतीजी सुशीला राय के साथ मारपीट करता है। आरोपी दिपांकर राय 16 मार्च को रात करीबन साढ़े 11 बजे आया और मेरी भतीजी को गाली देते हुए हाथ डण्डा से मारपीट कर रहा था। मेरा नाती तुसार राय बीच बचाव करने गया तो उसे भी हाथ व डंडा से मारपीट किया है। मुझे भी गाली दिया और जान से मारने की धमकी देने गला। मारपीट से उनकी भतीजी के दाहिने एवं बांए हाथ, गला एवं तुसार राय के गला में चोट लगी है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, एक्जिमा, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज


online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
06 मई से 15 मई, 20 मई से 29 मई, 03 जून से 12 जून 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport